हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 अप्रैल 2024

04 मतदाताओं ने मनाया लोकतंत्र का महापर्व, बढ़-चढ़ ...



06 वेयरहाउस से खाद के 100 कट्टे चोरी पुलिस ने ...





## खबर संक्षेप

### वोटर हेल्पलाइन नंबर जारी

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कोई भी नागरिक किसी भी समय कोई भी प्रश्न निशुल्क पूछ सकता है या फिर शिकायत दर्ज कर सकता है।

### नगर निगम द्वारा मंडी परिसर में प्रवेश करने पर कोई कर नहीं लिया जाता

**सागर।** मंडी परिसर में व्यापारियों ने बताया कि परिसर में प्रवेश करने पर कुछ अनादिकृत व्यक्ति द्वारा नगर निगम के नाम पर कर वसूली कर रहे हैं। इसके संबंध में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्पष्ट किया कि नगर निगम द्वारा मंडी परिसर में अपना सामान बेचने आने या जाने वालों पर कोई कर नहीं लिया जाता और कोई व्यक्ति नगर निगम के नाम पर कर वसूली करता है तो इसकी सूचना नगर निगम कार्यालय को दें ताकि उसपर वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

### पुराने जर्जर हो चुके साबुलाल मार्केट को गिराने की कार्रवाई शुरू की गई

**सागर।** पुराने जर्जर हो चुके साबुलाल मार्केट को नगर निगम द्वारा गिरने का काम शुरू किया गया, इसके पहले वहा दुकानदारों द्वारा पूरे मार्केट को खाली कर दिया गया था, और जैसे ही इन पुरानी लगभग खंडहर हो चुकी दुकानों में जेसीबी मशीन की बकेट लगी तो एक दूसरे से लगी हुई दुकाने अपने आप गिरना शुरू हो गई,और दुकानों के गिरने से निकले मलवे को निगम द्वारा उठाने की व्यवस्था की गई है।

### दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश के लिए महार रेजीमेंट में कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** भारतीय सेना के अग्निवीरों, सैनिकों के परिवारों, सैन्य अधिकारियों के शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल को विकसित करने हेतु डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर और महार रेजिमेंट केंद्र के साथ दूरस्थ शिक्षा के लिए किए गए अकादमिक समझौते के तहत पाठ्यक्रम उन्नयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्तव्य देते हुए दूरस्थ शिक्षा संस्थान के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा ने विवि के आयोजित किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों, उनकी संरचना, परीक्षा, रोजगार संभावना आदि के विषय में सैनिकों को उन्मुख किया। भारतीय सेना की एक इकाई के रूप में महार रेजीमेंट जहां जाबाज एवं कुशल सैनिक तैयार कर रही है वहीं एक विश्वविद्यालय के रूप में दूरस्थ शिक्षा संस्थान अपनी भूमिका का निर्वाह करते हुए उन्हें शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं तकनीकी दक्षता के साथ डिग्री भी प्रदान करेंगे। इस कार्यशाला में पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ ज्ञानेश तिवारी ने मनोविज्ञान, परामर्श एवं निदर्शन विषयक पाठ्यक्रम तथा डॉ शालिनी चौईथ रानी ने पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

8 अप्रैल की दरम्यानी रात्रि में बच्ची का सोते समय अपहरण करके ले गया था आरोपी

# जैसीनगर में 4 साल की मासूम के साथ बलात्कार व हत्या का आरोपी गिरफ्तार, डीएनए रिपोर्ट की मदद से पकड़ा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले के बहुचर्चित वारदात जैसीनगर में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। करीब दो हफ्ते में पुलिस आरोपी का सुराग लगा पाई और गिरफ्तार किया। इसको लेकर क्षेत्र और समाज के लोगो ने प्रशासन को आरोपी को पकड़ने के लिया ज्ञापन आदि दिए थे। पुलिस ने डीएनए रिपोर्ट की मदद से आरोपी पकड़ा गया ।

पुलिस के मुताबिक फरियादी निवासी ग्राम चांदौनी थाना जैसीनगर ने थाना हाजिर ने आकर रिपोर्ट लेख कराई कि 8 अप्रैल की दरम्यानी रात्रि मे फरियादी की 4 साल की बच्ची का सोते समय कोई अज्ञात व्यक्ति अपहरण करके ले गया है। रिपोर्ट पर से अपराध क्र 93/24 धारा 363 ताहि का कायम कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट के बाद पुलिस और परिजनों ने तलाश किया। नाबालिग दूसरे दिन बच्ची का शव परिचित के खेत में बनी टपरिया के पास मिला। पोस्टमार्टम में पाया गया कि मासूम बच्ची के साथ रेप कर उसकी हत्या की गई।मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा




मौके पर पहुंचे। अपहर्ता एवं अज्ञात आरोपी की तलाश पतारसी हेतु एसपी अभिषेक तिवारी ने टीम गठित की गई जिसमें एएसपी लोकेश सिन्हा, एसडीओपी देवरी शशिकांत सरयाम, उनि उमेश यादव, आर प्रिंस जोशी, आर. लखन यादव सागर तथा निरी. शिवमंगल सिंह थाना प्रभारी जैसीनगर प्रआर अखिलेश शुक्ला, आर काजी सईदउद्दीन, आर जितेन्द्र रजक को लगाया गया।

टीम द्वारा अपहर्ता नाबालिग उम्र 4 साल की तलाश पतासाजी के दौरान दिनांक 10 अप्रैल के सुबह 10.00 बजे अपहर्ता का शव घर से दूर एक खेत की मेड पर मिला जो मौके पर मर्ग कायम कर मृतिका का पोस्ट मार्टम कराया गया जिसमें पीएम कर्ता डाक्टर द्वारा अपहर्ता के साथ बलात्कार एवं हत्या की पुष्टि हुई जिससे प्रकरण में धारा 366ए ,376 (ए-बी), 302 ताहि 5एम/6 पाक्सो एक्ट इजाफा की गई। इस मामले में डीएनए भी कराया गया। प्रकरण में गठित टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को मजबूत कर संदेहियों से पूछताछ कर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु समस्त प्रयास किए गए साथ ही मुखविरी लगाकर घटना घटित करने वाले आरोपी का पता लगाने हर संभव प्रयास किया गया जिसके परिणाम में एकत्र हुई जानकारी पर ग्राम चांदौनी निवासी नीलेश पिता कलू उर्फ कल्याण प्रजापति से संदेह के आधार पर हिकमतअमली से पूछताछ की गई जिसमे आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार किए जाने पर आज शुक्रवार को 10.15 बजे गिरफ्तार किया जाकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

उक्त प्रकरण का खुलासा एवं आरोपी की गिरफ्तारी करने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश सिन्हा एसडीओपी देवरी शशि कांत सरयाम थाना प्रभारी जैसीनगर शिवमंगल सिंह राठौर उपनिरीक्षक उमेश यादव, उपनिरीक्षक रामदीन सिंह, प्र.आर 398 सौरभ रैकवार ( साइबर सेल) आरक्षक प्रिंस जोशी आरक्षक लखन यादव, प्रधान आरक्षक अखिलेश शुक्ला आरक्षक काजी, सईदउदीन, आरक्षक जितेंद्र रजक आर अजय मालवीय, आर गोपाल सिंह तोमर का विशेष योगदान रहा।आरोपी का खुलासा कर गिरफ्तार करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार के इनाम से पुरस्कृत किया जायेगा।

## मतदान के मामले में 82 साल के इंद्र कुमार जैन अपने आपको नौजवान मानते हैं



**सागर।** लोकसभा निर्वाचन के तहत आज सागर जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन संपन्न हुआ। बंडा के वार्ड क्रमांक 9 के निवासी इंद्र कुमार जैन की उम्र 82 वर्ष है, लेकिन वे अपने आप को नौजवान बुजुर्ग मानते हैं । जैन अन्य बुजुर्गों से भी मतदान करने की अपील करते हैं । इंद्र कुमार जैन वर्षों पूर्व बैंक में सुपरवाइजर थे। नौकरी छोड़कर वे ग्राम पंचायत के सरपंच का भी चुनाव लड़ चुके हैं। मतदान क्यों जरूरी है, पूछने पर कहते हैं यह हमारा नैतिक उत्तरदायित्व है । वे अपना उत्साह बनाए रखना चाहते हैं और दूसरों से भी कहते हैं कि लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मताधिकार का उपयोग करना न भूले। छड़ी लेकर साथ चलते हैं, लेकिन उन्हें किसी सहारे की जरूरत नहीं पड़ती।

## शरीर में पैरालिसिस लेकिन वोट देने का उत्साह



**दमोह।** संसदीय में सागर के बंडा में वार्ड आठ निवासी उमावि मगरधा के पूर्व प्राचार्य केसी जैन यूं तो शरीर में पैरालिसिस होने से व्हीलचेयर पर चलते हैं, लेकिन लोकतंत्र के महा पर्व पर आज वोट डालने से नहीं चूके। जैन ने अपने 38 साल की सेवा काल में शिक्षक और प्राचार्य की नौकरी करते हुए स्वयं भी कई बार चुनाव ड्यूटी की। कुछ समय पहले उनके शरीर के कुछ हिस्से में पैरालिसिस हो गया था, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव सामने आता गया उनमें उत्साह बढ़ता गया और वह मतदाता पर्ची, आधार कार्ड वगैरह संभालकर रखने लगे । निर्वाचन अमला दिव्यांगों के लिए जब घर पर वोट डलवाने पहुंचा तो उन्होंने मना कर दिया और यह कहा कि मैं स्वयं वोट डालने मतदान केंद्र जाऊंगा। हुआ भी यही आज वे पुत्र अरविंद जैन, पत्नी विद्या जैन के साथ मतदान केंद्र क्रमांक 149 शासकीय उमावि बंडा व्हीलचेयर पर पहुंचे और मतदान केंद्र के अंदर जाकर मतदान किया।



## कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने रहली देवरी के विभिन्न मतदान केंद्रों को किया निरीक्षण

**सागर।** दमोह लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन में सागर जिले के तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें रहली, देवरी और बंडा शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने देवरी विधानसभा एवं रहली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदाताओं एवं मतदान अधिकारी, कर्मचारियों से चर्चा की एवं मतदान अधिक से अधिक कराने की अपील भी की। उन्होंने मतदान में संलग्न सुरक्षा कर्मियों से भी चर्चा की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ देवरी विकासखंड के दूरस्थ ग्रामों में पहुंचे जहां लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण रूप से संपन्न होना पाया गया। इसी प्रकार वे रहली के विभिन्न मतदान केंद्र पर भी पहुंचे एवं मतदान के समाप्ति के बाद सीलिंग का कार्य भी देखा। उन्होंने मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम मशीनों की सीलिंग के पश्चात मतदान दलों को स्ट्रांग रूम सागर इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए रवाना कराया।

## बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इसलिए नगर निगम द्वारा वर्षा पूर्व की जा रही नाला-नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर में बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इसको दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा वर्षा ऋतु के पूर्व शहर के बड़े नाले एवं नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए गए थे । निर्देशों के परिपालन में नगर निगम द्वारा नगर के समस्त वार्डों में 5 अप्रैल से शहर के मुख्य नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है । 5 अप्रैल से लगातार नाला सफाई का कार्य किया जा रहा है जिसमें अभी तक तहसीली से न्यू कॉलोनी, पुलिस लाइन, वी.सी. बंगला से पीतांबरा देवी मंदिर तक, सिविल लाइन स्थित दीपक स्टेशनरी से अशोक श्रीवास्तव के मकान के पीछे तक, तिलकगंज से सुराजी लाल लकड़ी टाल तक, लच्छू चौराहा से मीट मार्केट के पीछे तक, मोमिनपुरा सुभाष नगर मरघटा से शुरू होकर रेलवे अंडर ब्रिज तक



नाला सफाई का कार्य प्रगति पर है । श्री राम कॉलोनी से चैतन्य अस्पताल तक नाला सफाई का कार्य किया जा चुका है।नगर निगम के स्वच्छता अधिकारी ने बताया कि नालों की सफाई का कार्य जहां तक मशीन पहुंच सकती है वहां पर मशीन से कराई गई है और जिस स्थान पर मशीन नहीं पहुंच पा रही है वहां सफाई मित्रों के द्वारा नाला सफाई का कार्य किया जा रहा है। नाला सफाई कार्य के दौरान मोहल्ले में जो नालियां बड़े नालों से जुड़ती हैं उनकी भी सफाई प्रतिदिन की जा रही है जेल के पीछे वाले नाले की सफाई मशीन से कराई गई है और जिस स्थान पर मशीन नहीं पहुंचेगी वहां पर सफाई मित्रों के द्वारा कराया जा रहा है। निगमायुक्त ने कहा है कि बारिश के पूर्व सभी छोटे- बड़े नाले-नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण करें, जिससे शहर में बारिश के दौरान कहीं भी जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, नाला सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो ।

## नवविवाहितों ने मताधिकार का उपयोग कर औरों को भी किया जागरूक



**सागर।** के रहली, देवरी और बंडा विधानसभा क्षेत्र के कई नवविवाहितों ने मतदान जैसे महत्वपूर्ण कर्तव्य को निभाते हुए न केवल औरों को मतदान के लिए प्रेरित किया बल्कि यह सिद्ध कर दिया कि वे भी जागरूक नागरिक हैं। वे जानते है कि मजबूत लोकतंत्र में मतदान का कितना महत्वपूर्ण योगदान है। विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव उनके मतदाताओं से ही है। एक-एक वोट का क्या महत्व होता है यह 70 साल से भी अधिक वर्षों से चली आ रही लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह कई बार देखने को मिला है, जब कई बार चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी ने एक मत से विजय या हार का सामना किया है। मतदान जहां एक और कर्तव्य है वहीं दूसरी ओर अपनी सरकार चुनने का हक देने वाला अधिकार भी है।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदंड

**सागर ।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी नीरज अहिरवार को भा.द.वि. की धारा- 354 के तहत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड तथा पॉक्सों एक्ट की धारा- 7/8 के तहत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश नीलम शुक्ला जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की । घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता/पीड़िता ने 17 अगस्त 2023 को थाना में इस आषय की रिपोर्ट लेख कराई कि 16 अगस्त 2023 को शाम के समय वह उसके घर के सामने खड़ी थी एवं बाजार से उसकी मां के आने का इंतजार कर रही थी तभी अभियुक्त नीरज अहिरवार उसके पास आया और उसके कलई पकड़कर उसके साथ छेडछाड़ करने लगा वह चिल्लाई तो अभियुक्त उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी देने लगा। विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना द्वारा धारा 354, 506(भाग-2) भा.दं.सं. एव धारा 7/8 लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

## सागर का सुकून मुहिम के अंतर्गत कपड़े से बने थैले और कांच के गिलास देकर अमानक पॉलीथिन और डिस्पोजलों का उपयोग ना करने का संदेश दिया



**सागर।** अमानक पॉलिथीन का प्रचलन वर्तमान समय मे स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण, भूमिगत जल स्त्रोतों का प्रदूषण, और जानवरों की असमय मृत्यु की सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है, इसलिए जरूरी है कि स्वयं इसका प्रयोग ना करें और दूसरों को भी इसके प्रयोग करने से रोकने के लिए प्रेरित करें ताकि इसके प्रचलन को रोकने नागरिकों में जागरूकता आये और इसके विकल्प के रूप में नागरिक कपड़े से बने थे थैलों और कागज के लिफाफो का प्रयोग करें जिसके दो फायदे हैं, एक पॉलिथीन के रूप में प्रतिदिन घरों में आने वाला कचरा रुकेगा और दूसरा कपड़े से बने थैलों में सामग्री लाने से वह प्रदूषित नहीं होगी।सागर का सुकून अभियान के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा जिस प्रकार डिस्पोजल सामग्री और अमानक पॉलिथीन के प्रचलन को रोकने नागरिकों को जागरूक करने के लिए सांकेतिक रूप से चाय ठेला वालों को कांच के गिलास देकर इनका उपयोग करने और कपड़े से बने थैलो को देकर लगातार जागरूक किया जा रहा है।इसी मुहिम के अंतर्गत निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सुबह सब्जी मंडी पहुंचकर वहां पॉलिथीन में सब्जियां खरीद रहे नागरिको को कपड़े से बने थैले वितरित करते हुए अपील की कि खाद्य सामग्री, फल सब्जी को लाने ले जाने में कपड़े से बने थैलों का उपयोग करें और दूसरे नागरिको को भी कपड़े से बने थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें, जिससे पॉलिथीन से हमारे शहर को मुक्ति मिले, और शहर को स्वच्छ बनाने में नागरिकों की सहभागिता हो।

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। बैनर, पम्प्लेट, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/ प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।

देवरी थाना पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ा

# दिन दहाड़े आदिवासी युवक की नृशंस हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

देवरी थाना अंतर्गत ग्राम डमरा में विगत रविवार को दिन दहाड़े आदिवासी युवक की लाठी से पीटकर नृशंस हत्या किये जाने के मामले में पुलिस द्वारा वारदात के आरोपी को दबिश देकर गिरप्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी द्वारा पुरानी बुराई के चलते आदिवासी युवक को लाठी डंडे से निर्ममता से पीटा गया था जिसकी चोटों एवं अत्याधिक रक्तस्त्राव के कारण उसकी मौत हो गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत रविवार शाम को मृतक हल्लेभाई आदिवासी पिता नारायण आदिवासी उम्र 30 साल निवासी ग्राम डमरावीर थाना देवरी का शव उसके घर के पीछे पड़ा पाया गया था। मृतक ग्राम में स्कूल के समीप के पास अपने अपने घर में अकेला रहता था जिसके कारण सूचना मिलने के बाद पहुँचे मृतक के भाई द्वारा वारदात की सूचना डॉयल 100 सेवा एवं 108 ऐम्बूलेंस सेवा को




दी गई थी। बाद में मृतक को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ देवरी ले जाया गया जहाँ से चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

मामले की परिजनों की सूचना के आधार पर थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया था। थाना पुलिस के मुताबिक मृतक के शव के पोस्टमार्टम में मृतक के शरीर पर दाहिने हाथ की कलाई में फ्रेक्चर, वांये कलाई में खरौंच सिर में पीछे तरफ चोटें व फ्रेक्चर होना साथ ही मृत्यू का कारण सिर में इंज्यूरी होने से अत्याधिक रक्तस्त्राव के होने से लेख की गई थी। पुलिस जांच के दौरान साक्षियों से पूछतांछ की गई जिसमे राजाबाबू राजपूत पिता धरमसिंह राजपूत निवासी डमरावीर के द्वारा पुरानी बुराई पर से गंदी गंदी गांलिया देकर, डण्डे के साथ मारपीट करना पाया गया था। जिसके चलते मृतक हल्लेभाई आदिवासी की मृत्यू हो गई थी । पुलिस द्वारा जांच में मिले साक्ष्य के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 223/2024 धारा 294, 323, 302 ताहि. 3(1-द), 3(1-ध), 3(2-व्ही), 3(2-व्हीए) एससीएसटी. एक्ट का अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी की पता तलाश की गई आरोपी राजाबाबू राजपूत पिता धरमसिंह राजपूत निवासी डमरावीर को गिरप्तार कर न्यायालय पेश किया।

उपरोक्त कार्यवाही में एसडीओपी शशिकांत सरयाम के निर्देशन में निरी. रोहित डौंगरें, उनि. निशांत भगत, सउनि. सत्येन्द्र सिंह राजपूत, सउनि. प्रताप सिंह राजपूत, प्र.आर. 191 महेन्द्र पाण्डेय, आर. 1394 राजीव, आर. 327 समीर, आर. 662 मुकेश का विशेष योगदान रहा।

# देवरी नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

निर्वाचन याचिका पर अपर जिला न्यायालय देवरी का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

विगत वर्ष 2022 में संपन्न हुए देवरी नगरपालिका परिषद के निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित नेहा अलकेश जैन के विरूद्ध अपर जिला न्यायालय देवरी में दायर याचिका पर विचारण के उपरांत न्यायालय द्वारा उसे सारहीन मानकर निरस्त कर दिया गया है। याचिका में उनके पार्षद एवं अध्यक्ष पद के हुए चुनाव को चुनौती दी गई थी।वर्ष 2022 में अप्रत्यक्ष प्रणाली द्वारा संपन्न हुए नगरपालिका अध्यक्ष निवार्चन में नेहा अलकेश जैन को प्रतिद्वन्दी सरिता जैन के विरूद्ध 1 मत से निर्वाचित घोषित किया गया था। निर्वाचन में पराजित उम्मीदवार सरिता जैन एवं शहीद खान द्वारा अपर जिला न्यायालय देवरी में नेहा अलकेश जैन के पार्षद एवं अध्यक्ष पद पर निर्वाचन को प्रश्नगत करते हुए निर्वाचन याचिका क्रमांक 01/22 प्रस्तुत कर निर्वाचन को चुनौती दी गई थी। याचिका में एक से अधिक स्थानों पर मतदाता सूची में नाम दर्ज होने एवं नगरीय निर्वाचन क्षेत्र में निवास न होने को आधार बनाते हुए नगरीय निर्वाचन में एक से अधिक स्थानों पर मतदान करने का आरोप लगाया गया था। उक्त आधार पर वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष पद निर्वाचन को चुनौती देकर चुनाव निरस्त करने की मांग की गई थी।नेहा अलकेश जैन के अधिवक्ता एड.जगदीश सोनी ने बताया कि याचिका के विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा उभय पक्ष के साक्ष्य अंकित कर तर्क श्रवण किए एवं निर्णय को सुरक्षित कर लिया था। अपर जिला न्यायधीश महेश कुमार झॉ के न्यायालय द्वारा फैसला सुनाते हुए याचिकाकार की ओर से प्रस्तुत निर्वाचन याचिका को सारहीन मानकर निरस्त किया गया है। न्यायलय द्वारा पारित निर्णय को लेकर प्रसन्न नेहा अलकेश जैन ने इसे असत्य पर सत्य की जीत बताया है। उन्होने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है परंतु पराजित नही है। मामले में उनके पति अलकेश जैन ने अदालत के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे धनतंत्र पर जनतंत्र की जीत करार दिया है। उन्होने कहा इस निर्णय से न्यायिक व्यवस्था में विश्वास और भी गहरा हुआ है।

# दूल्हों ने खुद मतदान कर दूसरों को किया प्रेरित, वहीं दुल्हनें भी नहीं रहीं पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला मुख्यालय से लगभग 15 से 17 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत मबई के ग्राम छिपौन में मतदान के प्रति युवाओं में उत्साह देखने को मिला है। इस ग्राम के निवासी दीनदयाल पाल का 25 अप्रैल को विवाह था । दीनदयाल ने अपने शादी वाले दिन मतदान के लिए समय निकाला और मबई पोलिंग बूथ पर मतदान करने के बाद सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित भी किया। दूल्हे के साथ उसके परिवार के लोग भी शामिल थे। मतदान करने के बाद दीनदयाल ने कहा कि दोनों चीजें जरूरी हैं, लेकिन शाम में मतदान का समय नहीं मिलता इसलिए वह सुबह आए हैं।







टीकमगढ़ लोकसभा सीट के निवासी दीनदयाल पाल नाम के दूल्हे ने मतदान के बाद कहा शादी समारोह जरूरी है, लेकिन मतदान भी अहम है। शादी आज रात के समय होनी है। इसी वजह से उसने शादी समारोह से पहले मतदान करने का फैसला किया। इसी के साथ 26 अप्रैल लोकसभा चुनाव में आज पृथ्वीपुर विधान सभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 197 के ग्राम बटवाहा में मतदाता दूल्हा अशोक कुमार चढ़ार पुत्र खुमान चढ़ार निवासी बटवाहा तहसील मोहनगढ़ ने अपनी बारात जाने से पहले मतदान केन्द्र में पहुंच कर पहले मतदान किया।

वहीं एक अन्य ग्राम पंचायत दरगुवां में 20 वर्षीय दुल्हन रोशनी अपने मतदाधिकार का प्रयोग करने मतदान केन्द्र क्रमांक 238 पर पहुंची। जहां वहां मौजूद कर्मचारियों द्वारा रोशनी को पुष्प गुच्छ भेंटकर उसका स्वागत किया गया और उसकी इस समझदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## अवैध संबंधों के चलते पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**टीकमगढ़।** थाना चंदेरा के अंतर्गत बापू नगर थाना चंदेरा निवासी एक महिला ने 16 जनवरी 2024 को थाने आकर रिपोर्ट करते हुए बताया कि उसका पति रमेश पुत्र किशोर अहिरवार घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जिस पर पुलिस ने गुम इंसान के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच प्रांरभ कर दी।

रमेश की तलाश के दौरान 25 जनवरी 2024 को शाम के समय पुलिस को रमेश का शव भरवारा हार वीरपुरा तिगैला के पास संदिग्ध अवस्था में मिला। जिस पर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर मर्ग काम किया और मामले को जांच में लिया। उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर ललित शाक्यवार पुलिस अधीक्षकरोहित काशवानी द्वारा उक्त अपराध के आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदेरा उनि. अंकित दुबे के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई । उपरोक्त घटना के करीब 3 महीने बीत जानें के बाद भी कोई पुख्ता सबूत पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था । मृतक रमेश के परिजनों द्वारा भी जांच में सहयोग नहीं किया जा रहा था। पुलिस की नजर में शक की सुई मृतक के परिवार में ही घूम रही थी। तभी सूत्रों एवं जनचर्चा से सूचना प्राप्त हुई कि मृतक रमेश की पत्नी के अवैध संबंध ग्राम के ही प्रह्लाद अहिरवार से हैं, अवैध संबंधों के चलते इन दोनों के द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया है । जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर परिजनों से पुनः पूछताछ कर मृतक की पत्नी और प्रह्लाद अहिरवार को अभिरक्षा में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई जो दोनो के द्वारा मिलकर रमेश की हत्या कारित करना कबूल किया । दोनों ने पुलिस को बताया कि मृतक रमेश शराब पीने का आदी था तथा अपनी पत्नी की मारपीट करता था जिससे मृतक रमेश के दोस्त प्रह्लाद से उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग चलने लगा एवं दोनो ने एक दिन प्रेम संबंधों में बाधक रमेश को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और प्रह्लाद द्वारा रमेश को शराब पीने के बहाने खेत पर बुलाया और शराब पिलाकर नशा हो जाने पर रमेश की पत्नी को खेत पर बुलाकर दोनों ने रमेश की मारपीट की और मुंह पर तौलिया लगाकर हत्या कारित कर दी और रमेश की लाश खेत में छोड़कर घर आ गए । कोई शक न करे इसलिए मृतक की पत्नी ने अगले दिन थाना चंदेरा जाकर पति रमेश के गुम हो जाने की झूठी रिपोर्ट लेख करा दी और तीन महीने तक पुलिस को गुमराह करती रही । अंधे कत्ल के खुलासे एवं घटना की सत्यता परीक्षण के लिए पुलिस द्वारा परिस्थिति जन्य साक्ष्य के अलावा भौतिक साक्ष्य, चिकित्सकीय साक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक (साइबर) साक्ष्य का संकलन कर घटना को पुष्टि की गई । आरोपी प्रहलाद अहिरवार व मृतक की पत्नी के खिलाफ अपराध धारा 302, 201, 120 (वी), 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय जतारा पेश किया गया। रमेश अहिरवार पुत्र किशोरी अहिरवार निवासी बापू नगर थाना चंदेरा की हत्या के आरोपी प्रहलाद अहिरवार पु9 ग्यासीलाल अहिरवार 25 वर्ष निवासी चंदेरा तथा मृतक की पत्नी 21 वर्ष निवासी बापूनगर चंदेरा जिला टीकमगढ़ आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी चंदेरा उपनिरीक्षक अंकित दुबे, एएसआई रामपाल सिंह, करण सिंह यादव, आरक्षक रामचन्द्र नायक, वेदप्रकाश शर्मा, काशीराम, महिला आरक्षक अंकिता शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मतदान में क्या बुजुर्ग, क्या युवा सभी ने लोकतंत्र के पर्व में दिया योगदान, दूल्हा-दुल्हन भी नहीं रहे पीछे, पहले मतदान उसके बाद अन्य काम

# मतदाताओं ने मनाया लोकतंत्र का महापर्व, बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा जिले में शाम 5 बजे तक 57.74 प्रतिशत रहा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के तहत टीकमगढ़ लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है। दोपहर 11 बजे तक टीकमगढ़ में 40.21% वोटिंग हुई है। मतदान को लेकर सुबह से लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस बार लोकसभा क्षेत्र से 7 प्रत्याशी मैदान में है। मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉक्टर वीरेंद्र कुमार और कांग्रेस के पंकज अहिरवार के बीच है।


लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस को दोपहर 3 बजे तक टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली टीकमगढ़ तीनों विधानसभाओं में टीकमगढ़, जतारा, खरगापुर में 50.51 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। जिसमें टीमगढ़ विधानसभा से 52.33 प्रतिशत मतदान होना रिकार्ड किया गया। इस विधान सभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 28 हजार 903 है । जिसमें 1 लाख 19 हजार 259 पुरूष मतदाता, 1 लाख 9 हजार 640 महिला मतदाता व 4 ट्रांसजेंडर मतदाताओं में से 66 हजार 480 पुरूष मतदाता, 53 हजार 310 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं अगर में लोकसभा क्षेत्र की दूसरी विधानसभा जतारा की बात करें तो यहां कुल 2 लाख 22 हजार 873 मतदाताओं में से 62 हजार 415 पुरूष मतदाताओं व 49 हजार 500 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार कर प्रयोग किया । यहां 50.21 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया और इसी लोकसभा क्षेत्र की तीसरी विधानसभा खरगापुर विधान सभा क्षेत्र में दोपहर तीन बजे तक 49.51 फीसदी मतदान होना रिकार्ड किया गया। जिसमें 2 लाख 52 हजार 791 मतदाताओं में से दोपहर 3 बजे तक 1 लाख 24 हजार 137 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार पूरे टीकमगढ़ जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत की जा रही वोटिंग में दोपहर 3 बजे तक 50.51 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया।


वहीं शाम 5 बजे तक मिले मतदान के आंकड़ों के तहत टीकमगढ़ विधानसभा में 1 लाख 35 हजार 615 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम 5 बजे तक टीकमगढ़ में 59.35 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया। वहीं जतारा में 57.81 प्रतिशत तो खरगापुर विधान सभा में 56.31 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया है। इस प्रकार जिले भर में शाम 5 बजे तक कुल 57.74 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया है।

















### कलेक्टर-एसपी व राजनेताओं ने किया मतदान

टीकमगढ़ लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है जिसके बाद लोग धीरे-धीरे लोग मतदान केन्द्र पर पहुंचे कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे। मतदान शुरू होने से पहले भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने पत्नी कमल खटीक के साथ सुबह शिव धाम कुंडेश्वर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इसी क्रम में उन्होंने अपनी धर्मपत्नी के साथ मतदान केन्द्र 74 पर पहुंच कर अपना वोट डाला । इसके साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी पंकज अहिरवार ने अपनी मां के साथ मतदान क्रमांक 52 पर पहुंचकर वोट डाला। इस पर्व में नेताओं के साथ अधिकारी भी पीछे नहीं रहे। जहां जिले के कलेक्टर अवधेश शर्मा व एसपी रोहित काशवानी व उनकी पत्नी डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपाश्री गुप्ता ने एक साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के इस पर्व को मनाया।

### वोट डालने आईं पूर्व मुख्यमंत्री

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए टीकमगढ़ पहुंची। मतदान करने के बाद वह अपने सिविल लाईन स्थित अपने निवास पर मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने वीवीपेड और ईवीएम मशीन को लेकर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सही ठहराया। टिकट नहीं मिलने के सवाल पर उमा भारती ने कहा कि उन्होंने ही टिकट लेने से इनकार कर दिया था।

### पानी की समस्या को लेकर किया मतदान का बहिष्कार

वहीं जिले के किशनपुरा गांव में लोगों ने पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। सूचना मिलते ही तहसीलदार डॉ. अवंतिका तिवारी ने वहां पहुंचकर लोगों को समझाया। जिसके बाद मतदान प्रारंभ हो सका।

### बढ़चढ़ कर लिया देश के सबसे बड़े पर्व में हिस्सा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में नव युवा, क्या अधेड़ और क्या वृद्ध सभी ने बढ़चढ़ का भाग लेकर देश के सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी दर्ज कराई ।अम्बेडकर तिराहे के समीप स्थित जानकी बाग बूथ क्रमांक 91 पर नया बस स्टैंड निवासी वयोवृद्ध चिंतामणि त्रिपाठी आयु 87 वर्ष व श्रीमती सावित्री देवी त्रिपाठी आयु 89 वर्ष में पोलिंग बूथ पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी के साथ ही बम्हौरी बराना निवासी विशाल सिंह भदौरिया 85 वर्ष ने ग्राम के बूथ 15 पर पहुंच मतदान किया, ग्राम के 87 वर्षीय रामकिशन दांगी ने बूथ नंबर 10 पहुंच मतदान किया। इसी प्रकार 80 वर्षीय छिट्टन बाई, 80 वर्षीय बेनी बाई, । वहीं पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान केन्द्र क्रमांक 13 तखा नई बस्ती की दीक्षा विश्वकर्मा ने प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए देश की सरकार के चुनाव में सहभागीता की। इसी के साथ नगर भवन वार्ड नंबर 3 निवासी तेजल सेन ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मतदाधिकार का प्रयोग करते हुए अन्य नागरिकों को भी देश के इस महापर्व में सहभागिता करने के लिए आमंत्रित किया।

## 40 डिग्री पर तापमान, 12 बजे के बाद निकलना मुश्किल



**विदिशा।** गुरुवार को मौसम का मिजाज गर्म रहा। दोपहर 12 बजे के बाद गर्म हवा भी चली। तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया है और दोपहर के बाद बाजार में सूनापन दिखाई देने लगा है। लोग घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं।

## सात वर्ष बाद भी नहीं बना नया कांजी हाउस

**विदिशा।** सड़कों पर आवारा घूमते पशुओं से हो रही समस्या को दूर करने के लिए वर्ष 2016 में 29 लाख की लागत का कांजी हाउस बनना तय हुआ था, लेकिनसात वर्ष बाद भी इसका कार्य अधूरा है। वहीं दूसरी ओर पुराने कांजी हाउस की हालत खराब है। ऐसे में सड़कों पर से पशु नहीं हट नहीं पा रहे और समस्या जस की तस बनी हुई है। मालूम हो कि शहर में आवारा पशुओं की समस्या वर्षों से बनी हुई है। सड़क पर से इन पशुओं को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा जोर दिया जाता रहा है लेकिन इस प्रमुख जरूरत को लेकर अनदेखी की जाती रही और यह कांजी हाउस सात वर्ष बाद भी अपने स्वरूप में नहीं आ पाया है। मिली जानकारी के मुताबिक शहर में वर्षों पुराना इकलौता कांजी हाउस होने से अधिक क्षमता के बड़े क्षेत्र में कांजी हाउस के निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई थी। इसके तहत नए कांजी हाउस के लिए बेस नगर में दुग्ध संयंत्र के पास स्थान तय हुआ था। करीब उनतीस लाख रुपए का स्टीमेट बनाया गया पर कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

## छात्रों ने मतदाताओं को किया जागरूक

**विदिशा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरुक किया गया। 7 मइ को अपने मत का प्रयोग करने के बारे में बताया गया। खास तौर से राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर विजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि विदिशा शहर की बुजुर्ग दिव्यांग एवं गणमान्य मतदाता एवं महिलाओं को मतदान मैं अपने मत की सहभागिता बढ़ चढ़कर करना चाहिए। अपने आसपास के मतदान केंद्र पर अगर कोई असहाय बुजुर्ग हो दिव्यांग हो उनको मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए मदद करना चाहिए देश का गर्व चुनाव पर्व में अपनी सहभागिता करेंगे राष्ट्रहित के लिए। सबका सहयोग हो जाए और अनुशासन में रहते हुए हमें अपनी मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए मतदान में सहभागिता करें।

## छात्र-छात्राएं 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**विदिशा।** आकांक्षा योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जेईई, एनईईटी एवं सीएलईटी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवेदन जमा कराने की तिथि में संशोधन किया गया है। नवीन तिथि के अनुसार अब 30 अप्रैल तक आवेदन निर्धारित एमपी टॉस्क पोर्टल www.tribal.mp.gov.in पर ऑन लाइन जमा किए जा सकते हैं। जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो कक्षा दसवीं में अध्ययनरत है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में सम्मिलित होना चाहते है वे आकांक्षा योजना के तहत निर्धारित नवीन जारी तिथि 30 अप्रैल तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

इसी हफ्ते में दो देहदान हुए: खिलान सिंह जाटव ने 10 जनवरी 2021 को देहदान का संकल्प लेकर वसीयत लिखी थी

# विदिशा मेडिकल कॉलेज में 19वां देहदान हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मेडिकल कॉलेज में 19 वा देहदान हुआ स्वयं की देहदान वसीयत लिखने के बाद विदिशा जिले में मरणोपरांत देहदान एवं नेत्रदान के संकल्प पत्र भरवाने का मिशन देहदानी विकास पचौरी द्वारा कुछ वर्ष पूर्व शुरू किया था। जिसका सार्थक परिणाम अब आना शुरू हो गया है।

इसी हफ्ते में दो मृत शरीरों का देहदान पूर्ण हुआ है। जिन्हें मिलाकर अब विदिशा मेडिकल कॉलेज में दान किए गए पार्थिव शरीरों की कुल संख्या 19 हो गई है। विदिशा जिले के कस्बाखेड़ी निवासी खिलान सिंह जाटव ( नेताजी ) जी ने 10 जनवरी 2021 को मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प लेकर वसीयत लिखी थी। जिसमें जिक्र था कि मेरी मृत्यु के बाद पार्थिव शरीर को किसी भी मेडिकल कॉलेज में दान कर दिया जाए। ताकि यह शरीर पीड़ित मानवता के काम आ सके। अभी कुछ दिन से खिलान सिंह बीमार थे और मेडिकल कॉलेज विदिशा में इनका इलाज चल रहा था बीते दिवस 25 तारीख की सुबह इन्होंने अंतिम सांस ली। इसके बाद खिलान सिंह के पार्थिव शरीर को पहले उनके पैतृक गांव कस्बा खेड़ी ले जाया गया। जहां गांव में परिवार जनों ने एवं ग्राम वासियों ने श्रद्धांजलि देकर देहदान यात्रा निकाली जो कि कस्बा खेड़ी से अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज विदिशा पहुंची। खिलान सिंह जाटव के पुत्र सेवाराम जाटव, अरविंद जाटव, अंकित जाटव, अमित जाटव द्वारा समाजसेवी विकास पचौरी से सहयोग लेकर इनके मृत शरीर को दान कर दिया।



**पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भी रहे:** खिलान सिंह जाटव समाजसेवा के कार्यों में संलग्न थे। प्रमुख रूप से वह आरएसएस से जुड़े थे। यह पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नटेरन भी रहे।

### एनाटॉमी हाल में श्रद्धांजलि सभा हुई

खिलान सिंह के देहदान के समय मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी हाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ मनीष निगम,डॉ सुनील नंदेश्वर, डॉ मनीषा विजयवर्गीय, डॉ ओम प्रकाश गौर, राकेश परिहार, संतोष कुशवाह एवं समाजसेवी डॉ जीके माहेश्वरी, कमल जौहरी, काके भाई, विकास पचौरी सहित खिलान सिंह जाटव के परिवारजन एवं ग्रामवासी इष्ट मित्रो ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अधूरे टेंडर वर्क तक सीमित रही आंतरिक बाईपास की योजना

# वैकल्पिक मार्ग नहीं होने से बदहाल हो गई शहर की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वाहनों के आने के लिए अलग अलग मार्ग नहीं होने से शहर का ट्रैफिक एक ही मार्ग से आ और जा रहा है। वन वे यातायात से इन दिनों शहर के बाजारों में रोज जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इस अव्यवस्था को दूर करने के लिए तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने नगरपालिका प्रशासक की हैसियत से आंतरिक बाईपास विकसित करने की जो योजना बनाई थी, वह योजना अधूरे टेंडर वर्क से आगे नहीं बढ़ सकी। योजना की फाइल नगर पालिका की किस अलमारी में गुम हो गई पता ही नहीं चल रहा है। आंतरिक बाईपास विकसित करने की योजना अमल में नहीं आने के चलते शहर में यातायात की व्यवस्था बद से बद्तर होती जा रही है।

प्रशासक काल में तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव एवं एसडीएम रूपेश उपाध्याय ने शहर की बदहाल और लाईलाज हो चुकी ट्रैफिक व्यवस्था को मामूल पर लाने के लिए आंतरिक बाईपास निर्माण की योजना बनाई थी इस योजना के तहत शिवपुरी रोड और पाली रोड से आने वाले वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश के बजाय शहर के बाहर से ही निकाले जाने की प्लानिंग तैयार की थी। इस योजना पर काम भी हुआ टेंडर वर्क भी निकल गए पर बजट की कमी के चलते टेंडर वर्क टुकड़ों में निकाले गए जिसके चलते करीब एक करोड रुपए लागत से मुख्यमंत्री अधो संरचना योजना के तहत बगवाज़ पुलिया से किला गेट तक टेंडर वर्क निकल गया। तत्कालीन कलेक्टर श्रीवास्तव और एसडीएम उपाध्याय का ट्रांसफर होने के बाद नगर पालिका ने टेंडर वर्क पर एक करोड रुपए खर्च कर यह रोड तो बना दिया लेकिन जो प्लानिंग तत्कालीन कलेक्टर ने की थी उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब एक करोड़ लागत से जो रोड निर्माण हुआ है वह औपचारिक ही साबित हो रहा है। नगर पालिका के पास इस रोड को आगे बढ़ाने और आंतरिक बाईपास बनाने की कोई योजना प्रस्तावित नहीं है।




#### वार्ड 10 चंबल नहर से बड़ौदा रोड तक बाईपास

जो आंतरिक बायपास रोड बनाने के प्लानिंग तत्कालीन कलेक्टर श्रीवास्तव ने की थी उनमें वार्ड क्रमांक 10 चंबल नहर चिंता हरण हनुमान मंदिर के पास से बस्ती के बीचोंबीच होते हुए बड़ौदा रोड ओम दलाल के घर के आगे तक रोड निकलना था। इस काम में नगर पालिका को अधिक रुपया खर्च करने की जरूरत भी नहीं थी क्योंकि यहां पहले से ही सीसी रोड बने हुए हैं एक दो जगह अतिक्रमण हटाना था जिसके चलते संबंधितों को नोटिस भी जारी कर दिया था बाद में कलेक्टर के ट्रांसफर के बाद योजना ठंडे वस्ते में डाल दी गई। अगर यह बाईपास विकसित हो जाता तो पाली रोड से आने वाले वाहन जिन्हें कोटा बारां की ओर जाना होता है बाजार में प्रवेश किए बिना बाहर निकल जाते।

#### बाईपास के स्थान पर मॉल बनाने लगी नपा

तत्कालीन कलेक्टर राकेश कुमार श्रीवास्तव ने जो तीन वैकल्पिक बाईपास की योजना बनाई थी उनमें जयस्तंभ से बड़ौदा रोड तक अस्पताल के भीतर होते हुए बाईपास का निर्माण भी शामिल था। इस योजना पर नगर पालिका ने अमल में तो किया लेकिन बाईपास से अधिक उसका ध्यान अस्पताल की बैश कीमती जमीन पर कब्जा कर मॉल बनाने में अधिक रहा। आमजान की परेशानियों को दूर करने के बजाय जमीन का व्यावसायिक उपयोग की मानसिकता के चलते बाईपास का निर्माण फिलहाल अटक गया है। अस्पताल प्रबंधन ने इस जमीन का व्यवसायिक उपयोग करने से मना ही करते हुए कर्मचारी क्वार्टर बनाने के लिए विभाग को मांग पत्र भी भेज दिया है।

#### अधूरा विकसित हुआ ईदगाह रोड से मछली मार्केट तक बाईपास

शिवपुरी रोड से आने वाले वाहन जो कोटा बारां की ओर जाना होता है उन्हें शहर के बीच में प्रवेश करने से रोकने के उद्देश्य से ईदगाह रोड से किला गेट भैंस पाड़ा, मछली मार्केट होता हुआ बाहर निकल जाना था। इसके लिए टेंडर वर्क भी निकाला गया जिसमें बगवाज पुलिया से किला गेट तक रोड बन गया लेकिन आगे की योजना पर नगर पालिका परिषद में कोई काम ही नहीं किया।

#### इनका कहना

नगर पालिका परिषद ने जो ठहराव किया था उसके तहत बगवाज पुलिया से किला गेट तक मुख्यमंत्री अधो संरचना योजना के तहत करीब 1 करोड़ लागत से सड़क निर्माण कर दी है बाकी आंतरिक बाईपास योजना के तहत क्या प्लानिंग की गई थी उसकी जानकारी मुझे नहीं है।

**सतीश मटसेनिया**
**सीएमओ श्योपुर**

### ग्राम लाथ में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

# भागवत कथा श्रवण करने से होता है हमारे शुभ कर्मों का उदय:चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जनपद श्योपुर के ग्राम लाथ स्थित हनुमान मंदिर पर शुक्रवार को संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में बडी संख्या में धर्मप्रेमी लोग शामिल हुए। कलश यात्रा गांव के मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई। गाजेबाजे के साथ यह कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई कथा स्थल हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां भागवत की पूजा अर्चना के बाद कलश की स्थापना की गई। कथा व्यास पं चंद्रप्रकाश शास्त्री (सोंईकलां वाले) ने भागवत कथा का मंगलाचरण आरंभ किया और कथा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। तभी परीक्षित जी की सभा में शुकदेव जी ने कथामृत के बदले में अमृत कलश नहीं लिया। ब्रह्माजी ने सत्यलोक में तराजू बाँध कर जब सब साधनों, व्रत, यज्ञ, ध्यान, तप, मूर्तिपूजा आदि को तोला तो सभी साधन तोल में हल्के पड़ गए और अपने महत्व के कारण भागवत ही सबसे भारी रहा। अपनी लीला समाप्त करके जब श्री भगवान निज धाम को जाने के लिए उद्यत हुए तो सभी भक्त गणों ने प्रार्थना कि हम आपके बिना कैसे रहेंगे। तब श्री भगवान ने कहा कि वे श्रीमद् भगवत में समाए हैं। यह ग्रन्थ शाश्वत उन्हीं का स्वरुप है। पठन-पाठन व श्रवण से तत्काल मोक्ष देने वाले इस महाग्रंथ को सप्ताह-विधि से श्रवण करने पर यह निश्चय ही भक्ति प्रदान करता है। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। कथा यजमान खेमराज सिंह जाट ने बताया कि यह भागवत कथा 3 मई तक चलेगी। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या मे कथा स्थल पर उपस्थित होकर कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

### कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने की कार्रवाई

# खुले में मांस मछली विक्रय करने पर एक दुकान सील, 5 दुकानों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

खुले में मांस मछली विक्रय कर गंदगी फैलाने वाले छह लापरवाह दुकानदारों पर नगर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक दुकान को सील कर दिया है। वहीं 5 दुकानदारों के खिलाफ जुर्माना किया है। नगर पालिका ने यह कार्रवाई कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर एसडीएम मनोज गड़वाल के मार्गदर्शन में की है।

शहर के पुल दरवाजा के पास मछली मार्केट में खुले में मांस मछली विक्रय करने और अपशिष्टों का निस्तारण नियम अनुसार न कर खुले में फेंकने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने गुरूवार को नगर पालिका की बैठक लेते हुए लापरवाह दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे इस कार्रवाई के लिए कलेक्टर ने एसडीएम मनोज गढ़वाल को अधिकृत किया था। कलेक्टर से मिले निर्देश के अनुसार एसडीएम के नेतृत्व में पुल दरवाजा के पास मछली मार्केट में पहुंची टीम ने लापरवाही पूर्वक खुले में मुर्गे का मांस काटने और विक्रय करते मिलने पर पांच दुकानदारों पर जुर्माना किया जबकि एक दुकान पर अपशिष्ट खुले में फेकने को गंभीर मानते हुए एसडीएम ने नगरपालिका के माध्यम से दुकान को सील करने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पशु चिकित्सक डॉ सचिन उपाध्याय, नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक शिव प्रताप सिंह तोमर, अतिक्रमण शाखा प्रभारी खालिद कुरैशी तथा कोतवाली टीआई योगेन्द्र सिंह जादौन पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।




#### पर्दे नहीं कांच लगाने पर मिलेगी परमिशन

निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनोज गढ़वाल ने दुकानदारों को नसीहत देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी दुकान के बाहर जो काले पर्दे लगाए हैं वह अस्थाई व्यवस्था है अब आपको स्थाई व्यवस्था के रूप में काले कांच लगाने हैं ताकी बाहर से अंदर का कोई भी सामान दिखाई ना पड़े। साथ ही जिन दुकानदारों पर जमाने की कार्रवाई की गई है उन्हें चेतावनी दी गई है कि वह कमियों को दूर कर ले अन्यथा आपके खिलाफ एफआईआर और जेल भेजने की कार्रवाई कर की जाएगी।

#### सड़क पर मछली छोड भागे दुकानदार

कार्रवाई के दौरान प्रशासन की टीम ने खुले में मछली बेचने वालों पर भी कार्रवाई की लेकिन इस दौरान मछली बेचने वाले दुकानदार अपनी मछलियों को छोड़कर भाग गए प्रशासन ने मछलियों को जब्ती में ले लिया और उसे टचिंग ग्राउंड में दफनाकर निस्तारण की तैयारी कर ली थी तब तक लावारिस मछलियों के दो मालिक सामने आ गए जिनपर भी जुर्माना की कार्रवाई की गई।

#### इनका कहना

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम के मार्गदर्शन में 5 लापरवाह दुकानदारों पर जुर्माना करते हुए उन्हें चेतावनी दी गई है। व्यवस्था नहीं सुधरने पर एफआईआर कर जेल भेजने कार्रवाई की जाएगी। एक दुकान को सील किया गया है।

**सतीश मटसेनिया**
**सीएमओ श्योपुर**

## श्योपुर की गलियों फिजाओं तुम्हे सलाम, ये मां की तरह है मांओ तुम्हे सलाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आगामी 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन स्वीप प्लान के तहत जागरूकता गतिविधियां संचालित कर रहा है। इस क्रम में गुरुवार की रात नगर पालिका भवन में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया गया। इस मुशायरा में शहर के नामचीन कवि एवं शायरों ने भागीदारी कर मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के मुख्य अतिथि में आयोजित हुए कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में शहर भर के नामचिन कभी एवं शायरों ने भागीदारी की इस दौरान श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल रहे साहित्यकार डॉक्टर अशफाक अर्शी ने श्योपुर जिले का खाका अपनी ग़ज़ल में यूं खींचा। ₹श्योपुर की गलियों फिजाओं तुम्हे सलाम, ये मां की तरह है मांओ तुम्हे सलाम। पूरब की दिशा में शिवपुरी लश्कर लगा हुआ है, पश्चिम में इसके कोटा शहर बसा हुआ है। उत्तर में देखिए जयपुर सजा हुआ है, दक्षिण दिशा में बारां शहर बसा हुआ है₹ । इस दौरान शायर डॉ अशफाक अर्शी ने उनके द्वारा लिखित किताब ₹सावन के फूल₹ कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ को उपहार स्वरूप दी। इस कवि सम्मेलन और मुशायरा में एक दर्जन से अधिक साहित्यकारों ने भागीदारी की।

# नरवाई की आग में घिरे बाइक सवार तीन युवक, भाग कर बचाई जान

### बाइक जलकर हुई खाक,पडिया भी आग में काल कलवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नरवाई जलाने से कितना खतरा हो सकता है इसकी बानगी शुक्रवार को उस समय देखने को मिली जब अचानक चली तेज हवाओं के कारण खेतों में जल रही नरवाई की आग ने तीन बाइक सवार युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि युवकों ने बाईक छोड़ भागकर जान तो बचाली लेकिन आग में घिरी उनकी बाइक जलकर नष्ट हो गई। साथ ही इसी आग में खेत किनारे चारा चर रही एक पडिया (भैंस का बच्चा) भी मौत की भेंट चढ़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिर्राज पुत्र प्रभु लाल मीणा 20 निवासी कंवरसली सहित तीन युवक शुक्रवार को गांव से श्योपुर में क्रिकेट किट खरीदने आए थे। सरपंच ने खिलाड़ियों में खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए किट खरीदने के लिए राशि दी थी। जब ये तीनो युवक क्रिकेट किट खरीदकर वापस अपने गांव जा रहे थे, तभी तेज आंधी में ढोटी और बगवाड़ा के बीच खेतों में लगी नरवाई की आग अचानक सड़क तक आ गई आग इतनी तेज थी कि युवकों को अपनी बाईक छोड़ दूसरे खेतों में कूद फांद कर जान बचानी पड़ी। आग की चपेट मे आई बाईक पूरी तरह जल गई। इसी खेत में चारा चरने के लिए आई एक पडिया भी जलकर मर गई।



#### वेतन मांगने पर अतिथि शिक्षक को दी डीईओ ने जान से मारने की धमकी!

श्योपुर।स्कूलों में अध्यापन कर रहे अतिथि शिक्षकों को वेतन नहीं देने और वेतन की मांग करने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। यह बात हम नहीं कह रहे हैं बल्कि एक अतिथि शिक्षक ने इस तरह का आरोप लगाते हुए सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की है। उत्कृष्ट स्कूल कराहल में अतिथि शिक्षक के रूप में पढ़ाने वाले नवीन दुबे ने सीएम हेल्पलाइन लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पर वेतन नहीं निकलना और जान से मारने की धमकी देने के बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि वेतन निकालने के अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी को न होकर खंड शिक्षा अधिकारी को होते हैं पर संबंधित शिकायतकर्ता ने डीईओ का नाम इस मामले में क्यों घसीटा यह भी चर्चा का विषय है। शिकायत में उल्लेख है कि अतिथि शिक्षकों को 2024 का वेतन नहीं दिया गया है मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस मामले में सीएम हेल्पलाइन को स्वीकारते हुए जांच एल वन अधिकारी को सोपी गई है।

# हत्या के मामले में फरार पांच आरोपियों की संपत्ति होगी कुर्क, पुलिस ने जुटाई जानकारी

### विजयपुर टीआई बोले 25 मई के बाद कोर्ट के आदेश पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मढा में करीब दो माह पहले उदयभान यादव की हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों की संपत्ति अब कुर्क की जाएगी। कोर्ट ने पांचों फरार आरोपियों को 25 मई तक हाजिर होने के आदेश दिए है। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर इनकी संपत्ति की कुर्क की जाएगी। यही वजह है कि विजयपुर थाना पुलिस ने पांच आरोपियों की जमीन और मकान की जानकारी तहसील कार्यालय से जुटा ली है।

विजयपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि दो माह पहले मढा गांव में हुए हत्याकांड में शामिल 7 आरोपियों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास सहित अन्य कई धाराओ में मामला दर्ज किया गया था। 7 आरोपियों में से दो आरोपी मेहरबान यादव और भारत यादव निवासी मढा को अरेस्ट करके जेल भेज दिया था, लेकिन पांच आरोपी लोडू उर्फ सुरेन्द्र यादव पुत्र रामहेत यादव, कल्ला पुत्र रामहेत यादव, कल्लू पुत्र रामहेत यादव, पंजाब उर्फ पंजू पुत्र लोडू यादव, छोटू यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी मढा अभी फरार बने हुए है।

टीआई दुबे ने बताया कि फिलहाल पांचों आरोपियों को विजयपुर न्यायालय के द्वारा 25 मई तक हाजिर होने के लिए नोटिस दिया है। यदि 25 मई तक आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं होगे तो उनके खिलाफ 25 मई के बाद न्यायालय के आदेशनुसार उनकी संपत्ति कुर्क किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में आरोपियों की संपत्ति की जानकारी तहसील कार्यालय से जुटा ली गई है।

#### राजस्थान में मतदान, जिले की सीमा पर पुलिस का दिनभर रहा कड़ा पहरा

**श्योपुर।** राजस्थान के पडोसी जिलो कोटा, बारां और सवाईमाधोपुर जिले में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव की वोटिंग थी। जिसके चलते श्योपुर जिले से जाने वाले इन तीनों जिलों के बॉर्डर पर दिनभर श्योपुर पुलिस का कडा पहरा रहा। एसपी अभिषेक आनंद के निर्देश पर जहां श्योपुर सवाईमाधोपुर मार्ग पर सामरसा चौकी पर जहां बडी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। वहीं श्योपुर कोटा मार्ग पर जलालपुरा और श्योपुर बारां मार्ग पर कुहांजापुर पर दिनभर बडी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात होकर यहां से गुजरने वाले वाहनों की सघन चैकिंग करता रहा,ताकि राजस्थान के इन तीनों पडोसी जिलों में मतदान प्रभावित न हो सके। इसके अलावा बाढ करियादेह मार्ग पर राजस्थान से सटी सीमा पर भी पुलिस फोर्स ने वाहनों की चेकिंग की।




### पिता के साथ आ रही युवती की संदिग्ध हालत में क्वारी नदी में डूबने से मौत

# शर्मनाक: युवती के शव को पीएम के लिए कचरा ढोने वाली ट्रैक्टर ट्रॉली से लाया गया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयपुर

अपने पिता के साथ मायके आ रही एक विवाहिता युवती की गुरुवार की देर शाम को विजयपुर की क्वारी नदी में संदिग्ध परिस्थितियों के बीच डूबने से मौत हो गई। ऐसा अंदेशा है कि विवाहिता युवती ने क्वारी नदी पुल से नदी में छलांग लगाई है। हालांकि पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शादीशुदा युवती के शव को क्वारी नदी से ढूंढकर बाहर निकाल लिया। युवती के शव को पीएम के लिए विजयपुर अस्पताल लाने के दौरान शर्मनाक की स्थिति देखने को मिली। युवती के शव को पीएम के लिए अस्पताल लाने के लिए जब शव वाहन नहीं मिला तो नगर परिषद विजयपुर की कचरा ढोने वाली ट्रैक्टर ट्रॉली में रखकर उसके शव को विजयपुर अस्पताल में लाया गया। फिलहाल विजयपुर थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया है। अब एसडीओपी विजयपुर राजेश तिवारी इस मामले की जांच करेगे। क्योंकि मृतका नव विवाहिता है और नव विवाहिता की मौत के मामले में जांच के अधिकार डीएसपी स्तर के अधिकारी को है।

जानकारी के मुताबिक शादीशुदा युवती वर्षा यादव पत्नी कारू यादव निवासी नेपरी थाना कैलारस जिला मुरैना गुरुवार को अपने पिता के साथ तिघरा ग्वालियर से अपने मायके मढा गांव आ रही थी। बीती शाम को जब यह दोनों पिता पुत्री विजयपुर में बस से उतरकर मढा जाने के लिए सुनवई तिराहे पर आने के लिए क्वारी नदी पुल को पार रहे थे, तभी वह क्वारी नदी पुल से नदी में गिर गई। ऐसी अंदेशा है कि युवती ने पुल से नदी में छलांग लगा दी। उसके पिता के हाथ में उसकी डेढ साल की बेटी थी। जब तक पिता गोद में ले रखी बेटी को नीचे उतारकर वर्षा को बचाने के लिए दौडा, तब तक युवती नदी में गिर गई थी। हालांकि बाद में पुलिस ने गोताखोरो की मदद से दो घंटे की तलाश के बाद युवती वर्षा को ढूंढकर नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई।



#### सुबह हुआ पीएम, परिजनों को सौंपा शव

नदी से युवती के शव को निकालने के बाद उसे पीएम के लिए विजयपुर अस्पताल लाना था, इसके लिए शव वाहन का इंतजार किया गया, मगर शव वाहन न तो विजयपुर अस्पताल के पास मौजूद है और न ही नगर परिषद विजयपुर के पास। ऐसे में युवती के शव को नगर परिषद विजयपुर की कचरा ढोने वाली ट्रैक्टर ट्रॉली में रखकर पीएम के लिए अस्पताल लाया गया। कचरे ढोने वाले वाहन में शव को लाने के दौरान इंसानियत शर्मसार होती नजर आई। विजयपुर अस्पताल में शुक्रवार को युवती के शव का पीएम कराकर परिजनों के सौंपा गया।

#### पांच दिन पहले पति छोड़कर गया था तिघरा

ग्राम मढ़ा निवासी रामकल्याण यादव की बेटी वर्षा यादव की शादी लगभग तीन साल पहले ही नेपरी निवासी कारू यादव के साथ हुई थी। जिसकी डेढ साल की बेटी भी है। शादी के कुछ दिन बाद तो सब कुछ ठीक ठाक चला, लेकिन इसके बाद पति पत्नी के बीच स्थिति ठीक नहीं बताई गई है। बताया गया है कि युवती को पांच दिन पहले उसका पति उसकी नानी के घर तिघरा ग्वालियर में छोडकर गया था। जहां से गुरूवार को युवती अपने पिता के साथ अपने मायके आ रही थी।

#### इनका कहना

युवती नव विवाहिता है और उसके खुद ही नदी में कूदने की आशंका है। मगर नदी में कूदने की क्या वजह रही है। इसकी जांच की जाएगी। फिलहाल मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

**राजेश तिवारी**
**एसडीओपी, विजयपुर**

विजयपुर अस्पताल में शव वाहन नहीं है। जिस भी वाहन से शव अस्पताल लाया गया, उस वाहन से शव को उतरवाकर पीएम हाउस में रखवा दिया और फिर पुलिस अधिकारियों की मौजदूगी में पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**डॉ जेएस राजपूत**
**सीएमएचओ,श्योपुर**

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने अंतर्गत ग्राम बर्रा निवासी छोटेलाल प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पुत्र प्रवेश प्रजापति उम्र 36 साल निवासी बर्रा ने खेत मे खडे आम के पेड पर फासी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई, नकदी जब्त

**अशोकनगर।** आजाद नगर दरगाह के पास से देहात पुलिस ने मनोज उर्फ महाकाल शर्मा ,विजय पुत्र नरेन्द्र रघुवंशी ,अभिषेक यादव पाकरोड,दीपक ओझा गणेश कालोनी को गिरफतार किया है। जिनके पास से 36500 रूपए व ताश की गडडी बरामद की गई है। जिले के देहात थाने के अंतर्गत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आजाद नगर दरगाह के पास ताश के पत्तो से जुआ खेला जा रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर जुए के अडडे से वाहिद खॉ,जाकिर खॉ,असरफ खॉ,अनीश खॉ,नीलेश रघुवंशी, साहिद खॉ, यासीन खॉ को गिरफतार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 8530 व ताश की गडडी बरामद की है।

### बाइक फिसलने से 18 वर्षीय युवक घायल

**अशोकनगर।** कदवाया थाने के अतर्गत ग्राम सिवलाई निवासी पवन पुत्र मिश्री आदिवासी को घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहा उपचार करा रहे घायल ने बताया कि वह बाइक से घर का सामान लेने ईसागढ बाजार गया हुआ था। जब वापिस आ रहा था तभी सडक पर भैस को बचाते समय बाइक फिसल गई जिससे उसे चोटे आई है। घायल का उपचार किया जा रहा है।

### एमपी टास पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई

**अशोकनगर।** पिछडा वर्ग पोस्टमैट्रिक छात्रवृति हेतु सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के नवीन/नवीनीकरण आवेदन हेतु एमपी टास पोर्टल पुनरू खोला गया है। जिसकी अंतिम तिथि 15 मई 2024 निर्धारित की गई है।विद्यार्थी समय सीमा में आवेदन करना सुनिश्चित करें।

### सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम छिकरी निवासी अंकेश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि देवेन्द्र लोधी निवासी मूडरा ने मन्हेटी और छपरा के बीच सोनी के के खेत के पास कदवाया रोड पर उसकी बाइक मे टक्कर मार दी जिससे उसे प्रायवेट अस्पताल मे भर्ती होकर इलाज कराना पड रहा है। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत मुकेश पुत्र बहादुर सेन निवासी कुमरौल थाना खुरई जिला सागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी 67 जेडवी 1343 के चालक ने रघुनाथ मंदिर के सामने की गली चंदेरी मे अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी।

### राव माधव हा.से स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा

**अशोकनगर।** नगर के निजी विद्यालय राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल अशोकनगर का कक्षा 10वी 12वी सहित 5वी और 8वी का परीक्षा परिणाम में विधार्थियो का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा कक्षा 12वी में गौरी यादव ने एग्रीकल्चर विषय से 90 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान , शुभम यादव ने बायोलॉजी विषय से 88 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान ,मुदिता यादव ने मैथ्स विषय से 84 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान ,जतिन नामदेव ने कॉमर्स विषय से 82 प्रतिशत अंक ,शरद रघुवंशी ने मैथ्स विषय से 80 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा 12वी में उच्चतम स्थान प्राप्त किया एवं कक्षा 10वी में अर्पिता रघुवंशी ने 85 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान ,यथार्थ सिंघल ने 77ः अंक से द्वितीय स्थान , तनु रघुवंशी ने 76 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान हासिल कर कक्षा 10वी उच्चतम स्थान प्राप्त किया, एवं कक्षा 8वी में स्मृति सिलावट ने 85 प्रतिशत अंक से प्रथम एवं मनीष यादव ने 81 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित खाद के 92 कट्टों को बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

# वेयरहाउस से खाद के 100 कट्टे चोरी पुलिस ने जंगल से किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली झांसी रोड पर स्थित कांग्रेस नेता के गोदाम को चोरों अपना निशाना बना लिया। कांग्रेस के पूर्व मंत्री और पिछोर से लगातार 6 बार विधायक रहे केपी सिंह कक्काजु के वेयरहाउस को चोरों ने निशाना बनाते हुए खाद के 100 कट्टों की चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित खाद के 92 कट्टों को बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक कंपनी ने वेयरहाउस को किराए पर लिया था। इस गोदाम में करीब 20 हजार खाद के कट्टे रखे हुए थे। जिनमें से 100 खाद के कट्टों की चोरी 24-25 अप्रैल की रात अज्ञात चोर द्वारा कि गई थी। 26 अप्रैल को चोरी की शिकायत शंकर कॉलोनी के रहने वाले श्याम गुप्ता ने थाने में आकर दर्ज कराई थी।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपी अनिल रावत पुत्र जगदीश रावत (23) साल निवासी भौराना थाना सिरसौद शिवपुरी हाल शंकर कॉलोनी शिवपुरी, धर्मेंद्र रावत पुत्र निर्पत रावत (24) निवासी नेतवास थाना कोलारस शिवपुरी, नरेन्द्र गुर्जर पुत्र श्याम सिंह गुर्जर (22) साल निवासी ग्राम मझेरा थाना देहात शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अन्य दो आरोपी शिशुपाल रावत और ब्रजेश जाटव अभी फरार हैं। जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।




## ट्रक ड्राइवर निकला मास्टर मांइड, वेयरहाउस के बारे में पहले से थी जानकारी

जानकारी के मुताबिक इस चोरी का मास्टरमाइंड अनिल रावत को बताया गया है। बता दें कि अनिल रावत ट्रक ड्राइवर है। अनिल पूर्व में इसी वेयरहाउस से कई बार खाद की रैक का सप्लाई का काम कर चुका है। इसके चलते उसे वेयरहाउस के बारे में पहले से ही जानकारी थी। अनिल यह भी जानता था कि रात के समय इस वेयरहाउस पर कोई चौकीदार नहीं रुकता है। इसी बात का फायदा और पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अनिल ने पांच लोगों के साथ शराब पार्टी की थी। इस पार्टी में अनिल का जिगरी दोस्त धर्मेंद्र रावत और अनिल का बहनोई शिशुपाल रावत मुख्य रूप से शामिल हुए थे। इसके अतिरिक्त इस पार्टी में नरेंद्र गुर्जर और बृजेश जाटव भी शामिल हुए थे। शराब पार्टी के दौरान अनिल ने सारी योजना चारों को समझा दी थी। इसके बाद पांचों ने मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पांचों आरोपी बड़े आराम से वेयरहाउस के ताले तोड़कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में खाद के कट्टों को भर ले गए थे।

## डीजे से टकराया करंट का तार दो लोगों की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी




कोलारस थाना क्षेत्र में बारात के डीजे से बिजली का तार टकराने से बारात में शामिल दूल्हा के दो दोस्तों की मौत हो गई, वहीं तीन दोस्त घायल हैं। घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है। वहीं मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि घटना रात करीब एक बजे की है जब यह हादसा हुआ।

जानकारी के मुताबिक अशोकनगर जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के कांकडे गांव के रहने वाले शिवम परिहार पुत्र आजाद परिहार की बारात कोलारस थाना के लुकवासा चौकी क्षेत्र के डोढ़याई गांव के रहने वाले सुगर सिंह परिहार के यहां आई थी। रात 12 बजे के लगभग बारात में शामिल बाराती डीजे पर बजते गानों के साथ दुल्हन के घर की ओर बढ़ रहे थे। तभी रास्ते में डीजे पर सवार एक युवक ने बिजली के तार को डीजे से टकराने से रोकने के लिए लकड़ी से तार को ऊपर उठाया, लेकिन वह तार लकड़ी से फिसलकर डीजे से टकरा गया। बिजली का तार डीजे से टकराने के बाद डीजे में करंट फेल गया। इसके बाद डीजे के संपर्क में आने से पांच युवक करंट की चपेट में आ गए। जिन्हें उपचार के लिए पहले कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। जहां पांचों युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में दो युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं तीन युवकों को रात में ही मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां उनकी भी हालात नाजुक बनी हुई है। कांकडे गांव के रहने वाले निकेश चंदेल पुत्र बलवीर चंदेल (20), रामकुमार केवट पुत्र गरीबा केवट (18), कल्पेश चंदेल, मुनेश और गुना का रहने वाला आकाश कुशवाह अपने दोस्त शिवम परिहार की बारात में गए थे। जहां बारात में नाचते वक्त यह घटना घटित हो गई। इस घटना में निकेश चंदेल और रामकुमार केवट की मौत हो गई।

## मवेशी के साथ अमानवीय कृत करता हुआ युवक सीसीटीवी में कैद, गौरक्षकों ने कराया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

कोतवाली क्षेत्र फतेहपुर के कांजी हाउस में एक युवक ने मवेशी के साथ अमानवीय कृत किया। यह घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी लगते ही गौरक्षक मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर क्षेत्र के गीता पब्लिक स्कूल के पास प्रशासन के सहयोग से पशु रक्षक संघ द्वारा एक कांजी हाउस संचालित किया जा रहा है। जहां सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हुई मवेशी सहित अन्य जानवरों को लाकर उनके स्वस्थ होने तक उनका उपचार किया जाता है। बीती रात एक युवक कांजीहाउस में घुसा और उसने घायल मवेशी के साथ कुकर्म किया। यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह लाइव रिकॉर्डिंग पशु रक्षक संघ के अध्यक्ष ललित गर्ग ने देख ली थी। इसके बाद ललित और उनके सहयोगियों ने मौके से युवक को पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले जाया गया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर माता-पिता भाई और फूफा के खिलाफ मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के बैराड़ कस्बे में एक नाबालिग किशोरी की उसके माता पिता जबरन शादी कर रहे थे, तभी किशोरी ने घर से भाग कर इस मामले की शिकायत बैराड थाने में दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने माता पिता सहेत भाई और फूफा पर मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के बैराड़ कस्बे के वार्ड क्रमांक 7 की रहने वाली किशोरी ने बैराड़ थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मेरे माता-पिता और भाई, मेरे फूफा के कहने पर मेरी शादी कराना चाहते हैं। जब मैने उन्हें शादी करने से इंकार किया तो सभी लोगों ने मिलकर मुझ पर दबाव बनाया और शादी करने को राजी करने के लिए मारपीट भी कर दी। नाबालिग किशोरी ने अपने माता-पिता से खुद की जान का खतरा बताते हुए उन्हें जेल भेजने की मांग पुलिस से की थी। पुलिस ने फिलहाल नाबालिग की शिकायत पर उसके माता-पिता,भाई और फूफा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि नाबालिग किसी दूसरे लड़के से प्यार करती है, लेकिन उसके घर वाले उस लड़के से उसकी शादी नहीं करना चाहते हैं वह इस लड़की की शादी अपनी पसंद के लड़के के साथ कराना चाहते हैं लेकिन नाबालिग इस लड़के से शादी नहीं करना चाहती है।

### इनका कहना है...

नाबालिग लड़की ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज करा लिया है। नाबालिग लड़की का दूसरी जगह अफेयर चल रहा है। इसे हम ऑपन नहीं कर सकते हैं।

**मनोज राजपूत, बैराड़ थाना प्रभारी**

### नई सड़क के पास मकान की दूसरी मंजिल पर लगी आग

**गुना।** शहर की नई सड़क के पास गुरुवार सुबह एक मकान की दूसरी मंजिल पर अचानक आगजनी की घटना हो गई। घटना के दौरान एक महिला और छोटा बच्चा घर में मौजूद थे। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। हालांकि जिस कमरे में आग लगी थी वहां का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार नईसडक़ के समीप घर में आगजनी की घटना घटित होने की वजह शार्ट सर्किट को बताया गया है।



## राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा प्रेषित वार्षिक कार्य-योजना वर्ष 2024-25 के पालन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश एव सचिव रश्मि मिश्रा एवं जिला न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा की उपस्थिति में गुरूवार को राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 अंतर्गत जिला न्यायालय सभागृह अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में समस्त सम्मानीय न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, प्रशासनिक अधिकारी विवेक कुमार तलेवाले, वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता एस.बी.आई ,अनिल गणवीर, लीगल एड डिफेंस काउंसल के अधिवक्तागण एवं समस्त न्यायलयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को वित्तीय साक्षर बनाना, साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती हुई घटनाओं से सतर्क एवं जागरूक करना था। इसी क्रम में वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता (एस.बी.आई) अनिल गणवीर द्वारा मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित पोर्टल आई.एफ.एम.एस. के संचालन हेतु महत्वपूर्ण एवं तकनीकी जानकारी दी गई एवं कर्मचारियों के व्यक्तिगत वित्तीय प्रकरण जैसे-नोमिनेशन, पेंशन प्रकरण तथा मृत्यु उपरांत प्रदाय



एक्सग्रेसिया राशि के निर्धारण में आने वाली कठिनाईयों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जाकर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला न्यायालय अशोकनगर के प्रशासनिक अधिकारी विवेक कुमार तलेवाले द्वारा बताया गया कर्मचारियों द्वारा अपनी व्यक्तिगत जानकारियों को नौकरी की शुरूआत में जल्दबाजी से भरा जाता है या गलत जानकारी दी जाती है, जिसके कारण उनको मिलने वाले लाभ में विलंब उत्पन्न होता है। अतः इन सभी कठिनाईयों को दूर करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा द्वारा न्यायालयीन कर्मचारीगण को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक किया तथा वित्तीय लेनदेन के बारे में और वित्तीय धोखाधड़ी से बचने की जानकारी प्रदान की गई। जिला न्यायाधीश/सचिव रश्मि मिश्रा द्वारा कर्मचारीगण को वित्तीय जानकारी प्रदान की और उनकी शंकाओं का समाधान किया। साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया, नशे की अवैध तस्करी और इससे होने वाले खतरों के बारे में जानकारी दी।

## बंद कुआं पर लगती हैं हाट की दुकानें, धंसने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे के हाट मैदान में एक पुराना कुआं था, जो कि कचरा डालने के कारण बंद हो गया है। कुछ सालों पहले ग्राम पंचायत ने कुआं के चारों तरफ तार फैसिंग कर इसे घेर दिया था किंतु तार फैसिंग को अज्ञात लोग उखाड़ कर ले गए। तब से इस कुआं पर हाट में आने वाले दुकानदार दुकानें सजा लेते हैं। वहीं अन्य दिनों में ग्रामीण टैक्टर-ट्रॉली खड़ा कर देते हैं। कस्बे के नागरिक फरहाज खान ने बताया कि इस तरह की लापरवाही किसी भी दिन भारी पड़ सकती है। कुआं यदि धंस गया तो जानमाल का नुकसान हो जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच धर्मेन्द्र खटीक का कहना था कि वह इस पर चबूतरा बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। ज्ञात रहे कि यह कुआं करीब सवा सौ वर्ष पुराना है। करीब बीस साल पहले तक इससे पानी भी खींचा जाता था लेकिन हैण्डपंप और मोटरपंप चलन में आने के बाद यह अनुपयोगी होता गया। बाजार के बीच में होने के कारण आसपास के स्थाई दुकानदारों ने इसमें कचरा डालना षुरु कर दिया। जिससे अब कुआं पूरी तरह से बंद हो गया है।



### व्यय लेखा के अवलोकन के लिए तिथियां निर्धारित

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 4 गुना के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये गये है। व्यय प्रेक्षक द्वारा 26 अप्रैल 2024, 30 अप्रैल 2024 तथा 05 मई 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष शिवपुरी मे प्रात 10 बजे से सायं 05 बजे तक अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का अवलोकन करने हेतु तिथियां निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों में सहायक व्यय प्रेक्षक तथा लेखा दल विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर,033 चंदेरी तथा 034 मुंगावली उपस्थित होकर शेडो आब्जवेशन रजिस्टर, फोल्डर ऑफ एविडेंस एवं समस्त जानकारी लेकर व्यय लेखा मिलान कराना सुनिश्चित करेंगे।

## किसान संघ ने कहा पटवारी ने एक हजार रुपए प्रति बीघा लेकर राशि डाली

**अशोकनगर।** भारतीय किसान संघ की जिला इकाई ने कलेक्टर अशोकनगर के नाम एक ज्ञापन सोपा है। इस ज्ञापन मे कहा गया है कि पिछले दिनो जो ओलावृष्टि हुई थी। उससे किसानो की फसले प्रभावित हुई थी। प्रभावित किसानो को राहत राशि नही मिली। जिन किसानो ने पटवारी को एक हजार रूपए प्रति बीघा के हिसाब से दे दिए उनकी राशि खातो मे डल गई है। जिन्होने पैसे नही दिए उनकी राशि आज तक खातो मे नही आई है।

भारतीय किसान संघ की ओर से जिलाध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी प्रांतीय महामंत्री जगभान सिंह यादव जिला मंत्री बाबूजी आदि ने एक लिखित ज्ञापन भी सोपा है और ज्ञापन मे पटवारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन मे कहा गया है कि शाढौरा तहसील के ग्राम चक्क चिरौली ,कनारी आदि ग्रामो मे ओलावृष्टी से प्रभावित किसानो को राहत राशि नही मिली है एवं पटवारी द्वारा कमीशन मांगने और न देने के कारण कई किसान छूट गए है। उक्त पटवारी द्वारा ओलावृष्टि की राशि प्रदान करने मे लापरवाही बरती गई हैं। जिस पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।